राष्ट्रीय बाल रंग महोत्सव 2022

राष्ट्रीय इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में दिनांक 17 से 19 दिसंबर तक सेंट मोंटफोर्ट स्कूल के 21 स्काउट एंड गाइड ने प्रदर्शनी लगाई ,इसमें 6 गाइड और 15 स्काउट शामिल थे ।इस प्रदर्शनी में स्काउट एंड गाइड का पाठ्यक्रम गतिविधियों से संबंधित फोटो ,बैनर्स एवं आर्ट एंड क्राफ्ट स्काउट केम्प ,एडवेंचर गतिविधियां दिखाई गई एवं उसका प्रस्तुतीकरण किया गया ।

इस प्रदर्शनी का अवलोकन श्री इंदर सिंह परमार स्कूल शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन के द्वारा किया गया ।इस अवलोकन के दौरान उन्होंने सेंट मोंटफोर्ट स्कूल के स्काउट गाइड एवं शिक्षकों को बधाई दी ।इस गतिविधि में भोपाल नगर के 6 विद्यालय सम्मिलित थे जिसमें सेंट मोंटफोर्ट स्कूल ने प्रदर्शनी एवं एडवेंचर तथा पाइनरिंग प्रोजेक्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

दिनांक 17 से 19 तक तीन दिवसीय इस महोत्सव में भारत के अन्य राज्यों के छात्र –छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।आनंद नगर संकुल के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सांस्कृतिक परिवेश का प्रदर्शन किया गया जिसमें सेंट मोंटफोर्ट स्कूल ने बंजारी माता मंदिर के मॉडल का निर्माण किया जिसे विद्यालय की आर्ट एंड क्राफ्ट की शिक्षिका सोनाली मैम एवं सहयोगी छात्र छात्राओं के द्वारा तैयार किया गया था ।मॉडल निर्माण में अन्य संकुल के विद्यालयों के बीच प्रतिस्पर्धा थी जिसमें सेंट मोंटफोर्ट स्कूल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ ।इस प्रदर्शनी का अवलोकन विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. द्वारा किया गया और छात्र–छात्राओं की सराहना की गई ।

श्रीमती मीना शर्मा